हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 11 जून 2025

तापमान
अधिकतम 46.2 डिग्री
न्यूनतम 26.1 डिग्री

11 आधुनिक युग में ज्ञान, कला, आत्मबल और संस्कार ...



12 खरावड़ में पानी को लेकर हंगामा ग्रामीणों ने जलघर ...




## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## बिजली कट

- सुबह 9 से 11.30 बजे तक सेक्टर-3
- सुबह 8.30 से 11 बजे तक 11 केवी फीडर गांधरा रोड इंडस्ट्री

# हिसार-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस में महिला आरक्षित डिब्बे को लेकर किचकिच

## ट्रेन में महिलाओं के लिए एक डिब्बा आरक्षित है, लेकिन दो डिब्बों पर जमा लेती हैं कब्जा, आम यात्रियों में भारी रोष

- भीड़ के चलते खिड़की के समीप खड़े होकर सफर करने को मजबूर यात्री
- यात्रियों ने रेलवे मंत्रालय को शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




हिसार-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या-54423-24 में रेलवे नियमों की अनदेखी करते हुए दो महिला आरक्षित डिब्बे चलाए जा रहे हैं, जबकि नियम के मुताबिक केवल एक महिला आरक्षित डिब्बा ही निर्धारित होता है। इस व्यवस्था के कारण अन्य सामान्य यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि एक डिब्बे में महिला यात्रियों की खासी भीड़ दिखती है तो दूसरे महिला डिब्बों में केवल 10 से 15 महिलाएं ही सफर करती हैं, जबकि बाकी डिब्बों में भीषण भीड़ होती है। हालात ऐसे हो गए हैं कि सैकड़ों यात्री खिड़कियों के पास खड़े होकर सफर करने को मजबूर हैं। मामले की शिकायत रेलवे अधिकारियों सहित मंत्रालय को भी की गई है। यात्रियों ने आरोप लगाया है कि महिला आरक्षित डिब्बों में बैठी महिलाएं बुजुर्गों और छोटे बच्चों को भी बैठने नहीं देतीं, जिससे मानवता के दृष्टिकोण से भी सवाल उठ रहे हैं। आम यात्रियों को गर्मी के इस मौसम में बेहद कठिनाइयों के साथ सफर करना पड़ रहा है। गर्मी के कारण लोग निजी वाहनों से यात्रा करने से बच रहे हैं और ट्रेन ही एकमात्र विकल्प बन रही है। ऐसे में रोहतक इंटरसिटी जैसी ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी बढ़ गई है, और अपर्याप्त डिब्बों के कारण भीड़ भयंकर रूप ले रही है। नाराज यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि महिला डिब्बों की संख्या को नियम अनुसार रखा जाए। सामान्य यात्रियों के लिए डिब्बों की संख्या बढ़ाई जाए। भीड़ के अनुसार अतिरिक्त कोच जोड़े जाएं। ट्रेन में अनावश्यक आरक्षण को रोका जाए, जिससे सभी को बैठने की सुविधा मिल सके।

### समाधान नहीं तो प्रदर्शन करेंगे

यदि रेलवे प्रशासन जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाता, तो यात्रियों की परेशानी और रोष और बढ़ सकता है। यात्री संगठनों ने चेतावनी दी है कि आवश्यकतानुसार वे रेलवे कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी कर सकते हैं।

### यहां से बदल सकते है गाड़ियां

18वीं शताब्दी में तैयार रेलवे स्टेशन आज जंक्शन बना हुआ है। यहां गोहाना, जीद, रेवाड़ी, भिवानी, दिल्ली की ओर गाड़ियों का आवागमन होता है। प्रतिदिन 40 हजार से अधिक यात्रियों का आवागमन होता है। 80 से ज्यादा पैसेंजर, एक्सप्रेस व मालगाड़ियां यहां से गुजरती हैं। परिवहन की दृष्टि से यह रेलवे स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण स्टेशन है, क्योंकि पीजीआईएमएस व कई शैक्षणिक संस्थान होने के चलते काफी संख्या में मरीजों तथा विद्यार्थियों का भी आवागमन होता है।

### महिलाओं को एक डिब्बा होने की जानकारी देकर सख्त कदम उठाए जाएगा

गाड़ी में एक ही महिला आरक्षित डिब्बा है। ट्रेन के आने जाने की दिशा में गार्ड के समीप वाले डिब्बे बदलने की वजह से यात्रियों को समझने में दिक्कत होती है। लेकिन इस ट्रेन में महिला आरक्षित डिब्बा एक ही है। जिस तरफ गार्ड होता है उसी के समीप वाला यह डिब्बा होता है। समस्या का समाधान किया जाएगा और महिलाओं को भी एक ही डिब्बा होने की जानकारी देकर सख्त कदम उठाए जाएं। -बलबीर सिंह, यातायात निरीक्षक, रेलवे स्टेशन

## खबर संक्षेप

### बस स्टैंड से बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** बस स्टैंड से बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में जसवंत ने बताया कि वह गांव गिझी का रहने वाला है। 9 जून को बस सटैंड के सामने अपनी मोटर साइकिल खड़ी करके अपने निजी काम के लिए चला गया था। वापिस आकर देखा तो मेरी मोटरसाइकिल वहां पर नहीं मिली है। इसके बाद आस-पास के एरिया में बाइक को देखा तो मुझे वहां पर नहीं मिली। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मदवि ने शुद्धिपत्र में संशोधन किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने विज्ञापन संख्या क्रमांक एक तथा क्रमांक दो के लिए पिछले दिनों जारी शुद्धिपत्र में संशोधन किया है। एमडीयू कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि 4 जून को जारी किए गए शुद्धि पत्र में जो कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी शैक्षणिक पदों के विज्ञापन क्रमांक एक और दो बारे था, उसमें प्वाइंट नंबर एक को तुरंत प्रभाव से वापस ले लिया गया है। अनुसूचित जाति (डिप्राइव्ड श्यूडूलड) कास्ट तथा अदर श्यूडूलड कास्ट) संबंधित पदों की भर्ती हरियाणा सरकार द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 22/163/2024-5 HR-III 13 नवंबर 2024 के अनुसार की जाएगी।

### बहन की हत्या के मामले में आरोपी भाई गिरफ़्तार



**रोहतक।** पुलिस ने लड़ाई-झगड़े में भाई द्वारा अपनी बहन पर चाकू से हमला कर हत्या की वारदात में अंजाम देने वाले आरोपी भाई को गिरफ़्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत भेजा गया है। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि 8 जून को सांगाहेडा निवासी बिजेंदर की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

### होटल में घुस युवक पर लाठी डंडों से हमला

**रोहतक।** भिवाजी चुंगी स्थित एक होटल में घुस कर कुछ लोगों ने एक युवक पर लाठी डंडों से अचानक हमला कर दिया। साथ ही युवक को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। इसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस सीसीटीवी भी खंगाल रही है। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस को दी शिकातय में पीड़ति गांव मदीना कोरसान निवासी संदीप ने बताया कि वह आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। बड़े भाई मंजीत ने भिवानी चुंगी पर स्वामी होटल कर रखा है, जिस पर वह भी चला जाता है। शाम को वह होटल पर बैठा था, तभी कुछ 6-7 युवक हाथों में लाठी डंडे लेकर आए और मारपीट शुरू कर दी।

## पहली बार पशु खुला छोड़ने पर 5,000 तो दूसरी बार लगेगा 11,000 जुर्माना

# लम्बे समय के बाद गोवंश पकड़ने का अभियान शुरू, 15 गोशाला में छोड़े

- अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान रोजाना चलाया जाएगा ताकि सड़कों से गोवंश हटाया जा सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** गोवंश को पकड़ते हुए नगर निगम टीम। फोटोः हरिभूमि



**रोहतक।** गोवंश पकड़ने के लिए अभियान चलाते हुए कर्मचारी। फोटोः हरिभूमि

लम्बे समय के बाद नगर निगम द्वारा शहर में बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान सड़कों पर आमजन और गोवंश हादसों का शिकार बनते रहे। कॉलोनी निवासी और समाजसेवी संस्थाएं सड़कों से गोवंश हटाने के लिए पुकार करती रही लेकिन अधिकारियों ने एक न सुनी। कई माह के बाद अब अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान 91 से अधिक गोवंश निगम क्षेत्र से पकड़वाए जा चुके हैं। मंगलवार भी निगम द्वारा 15 गोवंश को पकड़कर नगर निगम की पहरावर गोशाला में छुड़वाया गया। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान रोजाना चलाया जाएगा ताकि सड़कों से गोवंश हटाया जा सके।

### अब जुर्माना भरना पड़ेगा

निगम के आयुक्त आनंद शर्मा ने बताया कि शहर को पशु मुक्त शहर बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। लोग अपने पालतु पशुओं को खुले में न छोड़े क्योकि इससे दुर्घटना होने की संभावना रहती हैं व आमजन को भी असुविधा होती हैं। उन्होंने कहा पशुओ को खुले में छोड़ने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और प्रथम बार पशु पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये जुर्माना व दूसरी बार पशु पकड़े जाने पर 11 हजार रुपये जुर्माना तथा तीसरी बार पशु पकड़े जाने पशु को जब्त करने के साथ-साथ 21 हजार रुपये जुर्माना वसूला जाएगा।

### टैग लगाकर छोड़ा जाता है गोशाला में

नगर निगम द्वारा शहर से लगातार गोवंश पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। शहर से पिछले 6 दिन में लगभग 91 गोवंशों को पकड़कर गौशाला में टैग लगाकर छोड़ा जा चुका है। गोवंश पकड़ने वाली एजेंसी बाबा न्यारामदास सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रवींद्र दलाल ने बताया कि शहर से गोवंश पकड़ते समय निगम कार्यालय में मिल रही गोवंश से संबंधित शिकायतों को भी निपटाया जाता है। निगम द्वारा टीम के साथ एक कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। उसकी रेखदेख में गोवंश को पकड़कर और साथ ही टैग लगाकर गोशाला में छोड़ा जाता है।

### उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह की दो टूक

## पालतू गोवंश रोड पर छोड़े तो होगी मालिकों पर कार्रवाई




मीटिंग लेते डीसी

- बेसहारा गोवंश मुक्त बनाने की निगरानी के लिए डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला के निकाय क्षेत्रों को बेसहारा पशु मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएं। शहरी क्षेत्रों में बेसहारा पशु मुक्त बनाने के अभियान में सहयोग करें तथा अपने पालतू पशुओं को आवारा न छोड़ें। यह आदेश मंगलवार को उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जारी किए। वे लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम व नगर पालिका क्षेत्र को आवारा पशु मुक्त करने के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की अध्यक्षता कर रहे थे। इस समिति में नगर निगम आयुक्त को सह-अध्यक्ष तथा पशुपालन विभाग के उप निदेशक को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति के सदस्यों में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पंचायतीराज विभाग के कार्यकारी अभियंता, महम, सांपला व कलानौर नगर पालिकाओं के सचिव, जिला की पंजीकृत गोशालाओं के प्रमुख संचालन तथा लावारिश पीड़ित पशु संघ के प्रभारी जगदीश मलिक शामिल है।

### सभी पशुओं की होगी टैगिंग

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि नगर निगम तथा जिला की सभी नगर पालिकाओं में संबंधित अधिकारियों द्वारा विशेष अभियान चलाकर शहरी क्षेत्रों में गोवंश और पशुओं को चिन्हित कर टैगिंग सुनिश्चित की जाए। पशु पालन विभाग के उप निदेशक द्वारा संबंधित गोशालाओं से तालमेल किया जाएगा तथा नगर निगम व नगर पालिकाओं द्वारा वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले आवारा पशुओं को पकड़कर संबंधित गोशाला में छोड़ा जाए।




## नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के 2500 से 10500 रुपये तक के चालान काटे

**रोहतक।** 27 मई को हुई सड़क सुरक्षा समिति की मीटिंग के निर्देशों के बाद मंगलवार को आरटीए की टीम ने मदीना टोल प्लाजा पर चेकिंग अभियान चलाया। इसमें अवैध व नियम उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। विभाग की सख्ती से वाहन चालकों में हड़कम्प मचा रहा। विभाग की यह कार्रवाई कई दिन तक जारी रहेगी। आरटीए सचिव रिटायर्ड मेजर गायत्री अहलावत की देखरेख में इंस्पेक्टर जसबीर नरवाल की टीम द्वारा मंगलवार को मदीना टोल प्लाटा पर चेकिंग के दौरान वाहनों की विशेष जांच की गई। मदीना टोल पर चेकिंग के दौरान टोल प्लाजा की रिकवरी वैन का प्रदूषण प्रमाण पत्र भी नहीं था। जिसके चलते वैन का मौके पर ही 10 हजार 500 रुपये का चालान किया गया। संबंधित वाहन के मालिक पर 2500 रुपये का चालान किया गया। निजी बसों की अवैध टिकट बिक्री पर भी जांच की गई। जीटी रोड बाईपास पर यात्रियों को जबरन चढ़ा रही एक बस का पांच हजार रुपये का चालान काटा गया। अधिकारियों ने बताया चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### कलानौर स्थित एक होटल में वारदात

## युवक को लाठी डंडों से पीटा, 8 हजार लूटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कलानौर स्थित एक होटल में खाना खा रहे युवक को एक आरोपी बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गया। जहां उसने साथियों के साथ लाठी डंडों से मारपीट करते हुए लूट लिया। युवक जब बेहोश हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। होश में आने के बाद युवक ने परिवार और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। कलानौर के गांव निंगाना निवासी सचिन ने बताया कि वह नुट्रेन फार्म में स्प्रे का काम करता है। वह होटल में खाना खा रहा था, इसी दौरान एक युवक उसके पास आया और उसे बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गया, जहां पहले से ही दो युवक मौजूद थे। तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और मोबाइल और करीब 8 हजार रुपये लूटकर मौके से फरार हो गए। सचिन ने बताया कि उसे लेने के लिए जो आरोपी आया था, उसका नाम अंकित है। वहीं रास्ते में जिन लोगों ने मिलकर पीटा।


### की जा रही जांच

पुलिस को एक युवक के साथ मारपीट और लूट की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सचिन की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस मामले में आरोपियों की तलाश कर रही है। -विनोद, एएसआई, कलानौर

### भगवतीपुर के पास सड़क हादसा

## ट्रैक्टर ट्रॉला की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम




भगवतीपुर गांव के पास जींद रोहतक रोड पर हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक बाइक पर सवार थे और एक ट्रैक्टर ट्रॉला की चपेट में आ गए। लाखन माजरा पुलिस को दी शिकायत में टिटौली गांव निवासी नरेश पुत्र राम सिंह ने बताया कि वह बिजली मिस्त्री का काम करता है। कल शाम 8 बजे उसका बेटा अंकुश व उसके रिश्तेदारी का एक लड़का टिटौली से शामलो कलां जा रहे थे। जयदीप और अंकुश एक ही मोटर साइकिल पर थे।

मोटर साइकिल जयदीप की थी और उसको जयदीप ही चला रहा था। जयदीप के पीछे उसका बेटा अंकुश बैठा हुआ था। नरेश ने बताया कि उनके ठीक पीछे पीछे वह खुद इलेक्ट्रिक स्कूटी पर चल रहा था। शाम को 8 बजकर 10 मिनट पर वे जब भगवतीपुर फ्लाई ऑवर के अंत में पहुंचे तो बाईं ओर से तेज रफ्तार ट्रैक्टर व ट्राला आ गया। बिना कोई संकते दिए ट्रैक्टर चालक ने गफलत और लापरवाही से कट मार दिया। ट्रैक्टर ने बाईं साइड चल रहे जयदीप व अंकुश की मोटर साइकिल में टक्कर मार दी। जयदीप व अंकुश इस हादसे में सड़क पर गिर गए और बुरी तरह जख्मी हो गए। ट्रैक्टर चालक सोनालिका ट्रैक्टर को मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों की सहायता से प्राइवेट वाहन का इंतजाम करके उसने दोनों को रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया। रोहतक पीजीआई में डॉक्टरों ने जयदीप व अंकुश को मृत घोषित कर दिया। नरेश ने पुलिस से आरोपित चालक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने इस संबंध अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## तरक्की के तुरंत बाद ग्रहण किया नया कार्यभार, इसी साल सेवानिवृत्त होने हैं मदवि के दो प्रधान

# 3 प्रधानों को प्रमोशन के लिए देर शाम तक इंतजार कराया, व्हाट्सएप ग्रुप में लाइव रही पदोन्नति

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक




महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के पूर्व प्रधान सुमेर अहलावत, रणधीर कटारिया और जयबाग मलिक की सहायक से डिप्टी सुपरिंटेंडेंट की पदोन्नति होनी थी, वह मंगलवार देर शाम को हुई। प्रमोशन के लिए डीपीसी की मीटिंग हुए एक सप्ताह हो चुका है। इनके अलावा कुछ और कर्मियों ने पद की तरक्की पाई। लेकिन इससे पूर्व तीनों प्रधानों की पदोन्नति को लेकर कर्मचारियों के व्हाट्सएप ग्रुप में दिनभर टीका-टिप्पणी का घमासान मचा रहा। किसी ने अग्रिम शुभकामनाएं दी तो किसी ने लिखा कि काश प्रधानों की तरह ही कर्मचारियों की दूसरों मांगों की फाइलों को लेकर अफसर इतनी संजीदगी दिखाते। ध्यान रहे कि तीन में से दो प्रधान इसी साल से सेवानिवृत्त भी हो जाएंगे। सुमेर अहलावत अगस्त और रणधीर कटारिया अक्टूबर में यूनिवर्सिटी को अलविदा कह देंगे। जयबाग मलिक की अगस्त 2026 में रिटायरमेंट है।

### 4 बजे का दिया था टाइम


वर्तमान प्रधान अनिल मल्होत्रा दोपहर बाद 3.47 मिनट पर ग्रुप में लिखते हैं कि फाइल पर हस्ताक्षर-विचार विमर्श करने के लिए एक अधिकारी ने दूसरे अफसर को शाम चार बजे का टाइम दिया है। 4.18 पर पदोन्नति की बाट देख रहे पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया ऊंगली चलाते हैं कि एक प्रशासनिक अफसर फाइल को लेकर दूसरे अधिकारी के पास पहुंच गया है। प्रमोशन की लाइव हो रही फाइल को लेकर राजेश लिखते हैं कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि कर्मचारियों की प्रमोशन की मिनट टू मिनट अपडेट मिल रही है। इस पर कटारिया कहते हैं कि राजेश ये प्रधानों की प्रमोशन है सो अपडेट तो मिलेगी ही। गौरव दुरेजा ने कहा कि बाकि एम्पलाइज की फाइलों को भी ऐसे ही पंख लगते तो अच्छा लगता।

### यूनियन ने किया प्रयास

4.36 पर एक कर्मी ने लिखा कि अब तो आफिस बंद होने में ही 24 मिनट शेष हैं। आखिरकार शाम 5.56 पर पूर्व प्रधान रणधीर कटारिया की उम्मीद खत्म हो जाती है और लिखते हैं कि आज फाइल पर हस्ताक्षर नहीं होंगे। इस पर कटारिया का हौसला बढ़ाते हैं वर्तमान कोषाध्यक्ष विजयपाल धनखड़। ये लिखते हैं कि यूनियन तो पूरा प्रयास किया। इसके बाद गौरव दूरेजा लिखने पढ़ने के लिए दोबारा से मैदान में आते हैं और कहते हैं कि जब डीपीसी हो चुकी है तो अब तो रुटिन काम ही शेष बचता है। अगर डीपीसी रोक देती जो उसका भांडा यूनियन के सिर फोड़ दिया जाता।


### देर शाम ग्रहण किया नया कार्यभार

शाम को 7.15 पर प्रधान अनिल मल्होत्रा ने फिर से मोर्चा संभाला और पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों को भरोसा दिलाया कि अब एक अधिकारी ने दूसरे अफसरों को बुलाकर पदोन्नति के ऑर्डर कर दिए हैं। इस पर पूर्व प्रधान कटारिया ने कहा कि अभी तक फाइल पर अधिकारियों के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। फिर मल्होत्रा कहते हैं कि साइन हो गए हैं। फाइल बाहर आएगी तो ही हम मानेंगे, ये कटारिया ने कहा। मल्होत्रा ने कहा कि मैंने तो अंदर की बात बता दी है। अब शाम को 7.19 पर एक और नया खिलाड़ी पिच पर उतरा है, वे है नॉन टीचिंग यूनियन के महा सचिव पदाधिकारी अजमेर सिंह। ये भी प्रधान के स्वरों में स्वर मिलाते हैं और कंफर्म करते हैं कि प्रमोशन की फाइल को स्वीकृति मिल गई है। अखिरकार अजमेर ने भी 7.34 मिनट पर ऑर्डर की कॉपी ग्रुप पर डाली। इसके बाद पदोन्नति पाए कर्मचारी अंधेरे को चीरते हुए प्रशासनिक भवन पहुंचे और नया कार्यभार ग्रहण किया।



# जासूस बन मर्डर की गुत्थी सुलझाने निकले दिलजीत

**मुंबई।** एक्टर और सिंगर दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'डिटेक्टिव शेरदिल' का ट्रेलर मंगलवार 10 जून को रिलीज किया गया। फिल्म में दिलजीत एक जासूस की भूमिका में हैं, जो एक मर्डर केस की गुत्थी सुलझाते हैं। फिल्म में सस्पेंस का डोज है तो कॉमेडी के भी छींटे हैं। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। दिलजीत एक अनोखे डिटेक्टिव के रूप में नजर आए हैं। वे फिल्म में बोमन ईरानी के किरदार के मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। गंभीर किरदार को भी उन्होंने इस तरह अदा किया है कि दर्शकों को हंसने के भरपूर मौके मिलेंगे।



लाइफ Style

# जैस्मिन

## ताना मारने वालों को जमकर लताड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जैस्मिन भसीन और अली गोनी अब लिव-इन रिलेशनशिप में रहते हैं। वे कई साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। कई बार जैस्मिन को आलोचना का सामना करना पड़ता है, क्योंकि अली मुस्लम हैं और वो हिंदू।

अब इस पर जैस्मिन ने करारा जवाब दिया है और बोलती बंद कर दी है। टीवी एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। टीवी का उनका सफर अब पंजाबी फिल्मों तक पहुंच गया है और वो बॉलीवुड में भी कदम रखने के लिए कमर कस रही हैं। वो अक्सर बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में रहती हैं। उन्होंने हाल ही में इस पर बात की और धर्म के आधार पर उन्हें ट्रोल करने वालों को भी करारा जवाब दिया है। जैस्मिन ने अपने रिश्ते पर लोगों की राय पर भी चुप्पी तोड़ी। खासकर इसलिए, क्योंकि दोनों का धर्म अलग है।

उन्होंने कहा, 'ये रिश्ता हम दोनों के बीच है। हमारे बीच अंडरस्टैंडिंग है। हमने ये बातचीत की है। हम एक कॉमन ग्राउंड पर पहुंच गए हैं, हमने एक-दूसरे को वैसे ही स्वीकार कर लिया है, जैसे हम हैं। हम अपने बीच सुलझे हुए हैं। इसलिए किसी की राय मायने नहीं रखती। फिर भी, अगर लोग निगेटिव राय देते हैं, जो हमारे रिश्ते को प्रभावित कर सकती है, तो उन्हें शर्म आनी चाहिए। दुनिया को प्यार और पॉजिटिविटी की जरूरत है। अगर दो लोग खुश हैं तो दूसरे अपने बेवकूफी भरी राय अपने पास रख सकते हैं।

हॉलीवुड मसाला



# निक ने मुझे छोड़ा, पसंद करती हूं

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार माइली साइरस कभी सिंगर निक जोनस को डेट करती थीं, जिन्होंने बाद में प्रियंका चोपड़ा के साथ घर बसा लिया। माइली साइरस ने अब एक इंटरव्यू में निक जोनस संग अपने रिश्ते और ब्रेकअप पर खुलकर बात की है। माइली अब 'समथिंग ब्यूटीफुल' से कमबैक कर रही हैं। दोनों 2009 में भी साथ थे, पर बीच-बीच में उनका रिश्ता टूटता-जुड़ता रहा। ग्रैमी अवॉर्ड विनर माइली साइरस ने कहा, 'मुझे निक जोनस पसंद है। मैं उससे प्यार करती हूं।



# दुआ से 5 साल छोटी हैं हमशक्ल बहन रीना...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल सेंसेशन और सिंगर दुआ लीपा की बहन रीना लीपा चर्चा में हैं। उन्हें देखकर सभी हैरान हैं। फैंस का कहना है कि रीना एकदम दुआ की तरह ही दिखती हैं। हमशक्ल लगती हैं। उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं। बता दें कि दुआ से रीना 5 साल छोटी हैं। फेमस सिंगर दुआ लीपा की छोटी बहन रीना लीपा सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने अपनी बहन दुआ के साथ एक फोटो शेयर की और ये रातोंरात वायरल हो गई। उन्हें देखकर फैंस चौंक गए हैं। उनका कहना है कि दोनों हुबहू एक जैसी दिख रही हैं। इस पोस्ट के बाद ही फैंस को पता चला कि दुआ की एक बहन है, जो बिल्कुल उनकी तरह दिखती हैं। दोनों बहनों के वेकेशन की फोटो को 9 मिलियन से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं।



# श्री महाकालेश्वर मंदिर के किए दर्शन...

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी सई मांजरेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया हैंडल पर श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर की कुछ खास तस्वीरें और वीडियो शेयर की हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक नोट भी लिखा है। फिल्म 'दबंग 3' से बॉलीवुड में अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस सई मांजरेकर ने इंस्टाग्राम पर मंदिर से अपनी कई शानदार तस्वीरें और वीडियोज शेयर किए हैं। यह सभी तस्वीरें और वीडियोज श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के हैं। उन्होंने इस खास पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत अच्छा दिन।' श्रीमहाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन में है। यह मंदिर भारत में 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। जहां महाकाल विराजमान हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर है और बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है।



# द दिल्ली फाइल्स का बदला टाइटल...

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज निर्देशक और निर्माता विवेक अग्निहोत्री इस समय अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स से चर्चा में हैं। हालांकि, अब इस फिल्म को नए टाइटल के साथ रिलीज किया जाएगा। डायरेक्टर ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि अब फिल्म का नाम द बंगाल फाइल्स होगा। टाइटल बदलाव के ऐलान के साथ ही निर्देशक ने 'द बंगाल फाइल्स' फिल्म को लेकर दो और बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर 12 जून को 12 बजे दोपहर में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म सिनेमाघरो में 5 सितंबर को दस्तक देगी। द बंगाल फाइल्स को पहले स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था, जिसे अब बदल दिया गया है। विवेक अग्निहोत्री को लीग से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाना जाता है।

टीवी मसाला



# डॉक्टर सालुंखे ने छोड़ दिया सीआईडी

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया का पॉप्युलर शो सीआईडी दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। 1998 से 2018 तक चले इस शो को 2025 में फिर से ऑन एयर किया गया। हाल ही में शिवाजी साटम को पार्थ समथान ने रिप्लेस किया था, जिसके बाद खूब बवाल मचा था तो एसीपी प्रद्युम्न को वापस लाया गया था। अब खबर है की इस शो को डॉक्टर सालुंखे भी छोड़कर जा रहे हैं। जिसके बाद लोगों का गुस्सा मेकर्स पर फूट पड़ा है। टीवी शो सीआईडी में शिवाजी साटम, ऋषिकेश पांडे, दयानंद शेट्टी, जानवी छेड़ा, श्रद्धा मुसले, आदित्य श्रीवास्तव, नरेंद्र गुप्ता समेत अन्य कलाकार अलग-अलग किरदार में हैं। लोग नए सीजन और इसकी कहानी को भी खूब पसंद कर रहे हैं। पहले शिवाजी साटम की एग्जिट दिखाई गई। और पार्थ समथान को उनकी जगह पर कास्ट किया गया। हालांकि, बाद में कहानी में मोड़ लाया गया और डॉक्टर सालुंखे को देशद्रोही बताया गया और उनको गिरफ्तार कर लिया गया। डॉक्टर सालुंखे का किरदार नरेंद्र गुप्ता निभा रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के बाद उनका शो से सफर खत्म हो गया है। अब वह शो में दिखाई नहीं देंगे। अब उनके जाने से फैंस नाखुश हैं। वह मेकर्स पर बेतुके ट्विस्ट लाने के कारण गुस्सा जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आपने सीआई 2 टीम के साथ क्या किया? आपने डॉक्टर सालुंखे को विलेन क्यों बनाया? इससे अच्छा तो आप डॉक्टर गार्गी को गद्दार बना देते।

## शादी और कुंडली पर पहले दे दी थी चेतावनी

**नई दिल्ली।** इस समय लगभग पूरे देश में सोनम रघुवंशी के बारे में चर्चा हो रही है। उनपर अपने पति राजा रघुवंशी की हत्या के आरोप लगे हैं। इस मामले में हर दिन, हर पल नए-नए चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। इस बीच



'पंचायत' वेब सीरीज से विकास भाई का एक डायलॉग भी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सोच-समझकर शादी करने, कुंडली और विचारों की बात कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, 'विकास भाई तो पहले ही वार्निंग दे चुके थे।' इसमें विकास का किरदार निभाने वाले एक्टर चंदन रॉय कह रहे हैं, 'हम ये नहीं कह रहे हैं कि आप शादी कर लीजिए, लेकिन जब भी कीजिएगा ना सर, सोच-समझकर कीजिएगा। कुंडली मिले ना, विचारों का मिलना बहुत जरूरी होता है। अगर विचार नहीं मिला, तो पूरा वैवाहिक जीवन अंड का बंड (बर्बाद) हो जाता है।' इस वीडियो पर कई लोग रिएक्शन देते हुए अपनी सहमति दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सही कहा भाई आपने, मैं आपसे सहमत हूं।'

# मानुषी संग रोमांस करते दिखे राजकुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार इस वक्त अपनी आगामी फिल्म 'मालिक' से चर्चा में हैं, जिसमें एक्टर गैंगस्टर लुक में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का दर्शकों का बड़ी बेसब्री से इंतजार है। अब निर्माताओं ने फिल्म का पहला गाना 'नामुमकिन' रिलीज किया है। इस गाने के जरिए मिस वर्ल्ड विजेता और अभिनेत्री मानुषी छिल्लर पहली बार स्क्रीन पर नजर आईं हैं। गाने में दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं और इनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। वे साथ में बहुत प्यारे दिख रहे हैं। 'नामुमकिन' सॉन्ग को वरुण जैन, श्रेया घोषाल, सचिन-जिगर ने मिलकर गाया है। वहीं, इस गाने को अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखा है। 'मालिक' फिल्म का टीजर पिछले हफ्ते रिलीज हुआ था।



इस टीजर में राजकुमार राव का खतरनाक अंदाज दिखा था, जिसमें उन्हें अपने दुश्मनों को बर्बर तरीके से मारते-काटते देखा गया था। फिल्म के टीजर ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे। पहली बार अभिनेता का ये अंदाज उनके फैंस देखेंगे। इस समय अभिनेता अपनी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'भूल चूक माफ' से चर्चा में हैं। अब उन्हें फुल टू एक्शन में देखने के लिए तैयार हो जाएं।

# अजीत ने तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर फिल्मी दुनिया में बनाई खास जगह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में 1945 से 1995 तक एक ही विलन का नाम गूंजता था - अजीत खान। उनकी रील लाइफ जितनी दमदार थी, रियल लाइफ उतनी ही मुश्किलों से भरी थी। गरीबी और जिंदगी के तमाम उतार-चढ़ाव को पार कर उन्होंने फिल्मी दुनिया में अपनी खास जगह बनाई। हैदराबाद के गोलकुंडा में 27 जनवरी 1922 को एक मुस्लिम परिवार में जन्मे अजीत खान का असली नाम हामिद अली खान था। एक छोटी सी गली से निकलकर बॉलीवुड के सबसे खतरनाक विलेन बनने का उनका सफर आसान नहीं था। अपने आखिरी दिनों में अजीत हैदराबाद में ही रहे और 22 अक्टूबर 1998 को 76 साल की उम्र में उनका निधन हो गया।



***हीरो बनकर शुरू किया कॅरियर, विलेन बनकर छाए :*** अजीत खान का फिल्मी सफर मुश्किलों से शुरू हुआ। उन्होंने बॉलीवुड में हीरो के तौर पर कदम रखा, लेकिन असली पहचान उन्हें विलेन के किरदारों से मिली। दर्शकों को उनकी एक्टिंग इतनी पसंद आई कि उनकी फिल्में एक के बाद एक बॉक्स ऑफिस पर हिट होती गईं। फिल्मों में आने से पहले हामिद अली खान ने अपना नाम छोटा करके 'अजीत' रख लिया था, क्योंकि उनका असली नाम काफी लंबा था।


## सपनों के लिए घर छोड़ा मुंबई में झेली मुश्किलें

मीडिया खबरों के अनुसार, अजीत खान बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने घर छोड़ दिया और मुंबई चले आए। उनके पास पैसे नहीं थे, इसलिए उन्होंने अपनी किताबें तक बेच दीं। मुंबई में उनके पास रहने की कोई जगह नहीं थी, तो वे सीमेंट की बड़ी पाइपों में सोने लगे। उस समय कुछ गुंडे उन पाइपों में रहने वालों से पैसे वसूलते थे। पैसे न देने पर वे लोगों को मारकर भगा देते थे। एक दिन अजीत को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने उन गुंडों से भिड़ंत कर ली। अजीत के सामने कोई गुंडा नहीं टिका और सब भाग गए। इसके बाद वहां रहने वालों के बीच उनकी खूब इज्जत हो गई। अजीत खान की जिंदगी की ये कहानी उनके जुनून और हिम्मत को दिखाती है, जिसने उन्हें बॉलीवुड का सबसे यादगार विलेन बनाया।

## अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है चालाक महिला

# धोखा, फरेब और हत्या, फिल्मी पर्दे पर दिखीं सोनम रघुवंशी जैसी खौफनाक कहानियां

***नई दिल्ली।*** *इंदौर के राजा और सोनम रघुवंशी की कहानी ने सबको हिला कर रख दिया है। पत्नी सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की, जिससे हर कोई दंग रह गया। इस तरह की घटनाएं फिल्मों में भी कई बार देखी गई हैं, जहां धोखा, साजिश और हत्या की कहानियां दर्शाई गई हैं। आइए जानते हैं ऐसी कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें हर मोड़ पर कुछ ऐसा ही धोखा और विश्वासघात मिलता है।*




**जिस्म :** साल 2003 की फिल्म 'जिस्म' भी पति की हत्या की साजिश पर आधारित है। यहां एक खूबसूरत और चालाक महिला अपने अमीर पति की हत्या करवाने के लिए अपने प्रेमी को फंसाती है। कबीर लाल नाम के वकील इस साजिश में फंस जाता है, लेकिन अंत में सच्चाई सामने आती है। यह फिल्म प्यार के बहाने किए गए अपराध और लालच की कहानी बयां करती है। इस फिल्म जॉन में अब्राहिम और बिपाशा बसु मुख्य किरदार में थे।

**कर्ज :** इसी तरह साल 1980 की मशहूर फिल्म 'कर्ज' में भी पति की हत्या की साजिश दिखाई गई थी। अमीर रवि वर्मा की अपनी पत्नी कामिनी द्वारा संपत्ति हड़पने के लिए हत्या कर दी जाती है। फिर कहानी पुनर्जन्म की अवधारणा के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां न्याय की तलाश में नया जन्म हुआ व्यक्ति साजिश का बदला लेता है। इस फिल्म में ऋषि कपूर, सिमी गरेवाल और टीना मुनीम जैसे कलाकार थे।



**लोग क्या कहेंगे :** फिल्म 'लोग क्या कहेंगे' (1982) सामाजिक ड्रामा है, जिसमें एक महिला के मानसिक संघर्ष और सामाजिक दबावों को दिखाया गया है। इसमें महिला अपने पति की हत्या तक कर देती है, लेकिन यह हत्या अधिकतर मानसिक असंतुलन और परिवार के तनाव के कारण होती है। शबाना आजमी ने इस फिल्म में दमदार अभिनय किया है, जो समाज की कठोर सोच और महिलाओं पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती है।







**फरेब :** साल 2005 में आई फिल्म फरेब में भी इसी तरह की कहानी को दिखाया गया था। इस इरोटिक थ्रिलर में शिल्पा शेट्टी, शमिता शेट्टी और मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका में थे। कहानी में एक डॉक्टर और उसकी पत्नी के रिश्तों में जब पड़ोसी महिला की एंट्री हो जाती है, तो अफेयर और धोखे की घटनाएं सामने आती हैं। जब पत्नी को पति की बेवफाई का पता चलता है, तो दोनों के बीच तनाव गहराता है और एक दिन अचानक पड़ोसी महिला की हत्या हो जाती है। इसके बाद जब एक-एक कर मामले की परतें खुलती हैं तो पैरों तले जमीन खिसक जाती है।

***समाज की जटिलताओं को करती हैं उजागर :*** *इन फिल्मों में पति की हत्या या हत्या की साजिश को अलग-अलग कारणों से दिखाया गया है, चाहे वह संपति का लालच हो, धोखा हो या फिर मानसिक संघर्ष। ये कहानियां समाज की जटिलताओं को पर्दे पर उजागर करती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देती हैं कि रिश्तों में कभी-कभी कितनी गहराई और अंधेरा होता है।*

## खबर संक्षेप



रोहतक। पीजीआई के डायरेक्टर एस के सिंगल को ज्ञापन सौंपते जेजेपी जिलाध्यक्ष डॉ संदीप हुड्डा व अन्य पार्टी पदाधिकारी।

### जेजेपी ने कर्मचारियों की मांग का किया समर्थन

**रोहतक।** पीजीआई में कार्यरत अनुबंधित कर्मचारियों को एचकेआरएन में शामिल करने का जेजेपी ने समर्थन किया है। जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा एवं पदाधिकारियों ने पीजीआई पहुंचकर अनुबंधित कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उनकी समस्याओं बाबत उन्होंने पीजीआई के डायरेक्टर एस के सिंगल को ज्ञापन सौंपा। डॉ संदीप हुड्डा ने कहा पीजीआई के अनुबंधित कर्मचारी एचकेआरएन में शामिल होने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे सरकार द्वारा घोषित ठेका प्रथा को खत्म करने के फैसले के बावजूद भी अनुबंधित कर्मचारी बने हुए हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता है, उन्हें नौकरी से हटाया जाता है, और उनकी तनख्वाह में कटौती की जाती है।

### यूएचएस एथिक्स कोर्स का सफल समापन

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में आयोजित यूएचएस कोर्स ऑफ एथिक्स इनक्लूडिंग बायोएथिक्स का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कोर्स विश्वविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम का दूसरा संस्करण था। कार्यक्रम का आयोजन डीन एकेडमिक अफेयर्स डॉ. ध्रुव चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ, जिसकी समन्वयक डॉ. आरती रहीं। डॉ. आरती ने बताया कि इस कोर्स में लगभग 235 पीजी छात्रों ने भाग लिया। एथिक्स और बायोएथिक्स के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डॉ. अनंत भान, डॉ. सविता वर्मा, डॉ. जितेंद्र जाखड़, डॉ. रीतू हुड्डा और डॉ. कमल सिंह शामिल रहे। वक्ताओं ने छात्रों को नैतिक सिद्धांतों, पेशेवर आचरण और मरीजों के अधिकारों की रक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन जानकारी दी।

### आर्य समाज के स्त्री-शक्ति निर्माण के ऐतिहासिक योगदान को भी रेखांकित किया

# आधुनिक युग में ज्ञान, कला, आत्मबल और संस्कार की आवश्यकता : समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्वामी इन्द्रवेश विद्यापीठ, टिटौली में चल रहे राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण एवं योग शिविर में प्रतिभागी बहनों को आत्मरक्षा के साथ-साथ आत्मिक उन्नति की दिशा में प्रशिक्षित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता बीपी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक और समाज सेवी एलपीएस बोसार्ड के चेयरमैन राजेश जैन की पुत्र वधु समृद्धि जैन ने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया और कहा कि आधुनिक युग में ज्ञान, कला, आत्मबल और संस्का, इन चारों की समान रूप से आवश्यकता है। शिविर की संयोजक एवं सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्षा बहन प्रवेश आर्या ने कहा कि आज की नारी को जहां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए, वहीं उसे अपने कर्तव्यों को भी निष्ठापूर्वक निभाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने आर्य समाज के स्त्री-शक्ति निर्माण के ऐतिहासिक योगदान को भी रेखांकित किया। सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सज्जन राठी ने कहा कि परिषद द्वारा आयोजित यह शिविर केवल आत्मरक्षा जैसे जूडो-कराटे, लाठी संचालन आदि का प्रशिक्षण ही नहीं देता, बल्कि बहनों को योग, ध्यान और यज्ञ-साधना जैसे साधनों से आत्मिक उन्नयन की दिशा में भी प्रेरित करता है। सार्वदेशिक आर्या युवती परिषद एवं बेटी बचाओ अभियान के संयुक्त तत्वाधान आयोजित इस शिविर में प्रतिदिन की भांति मंगलवार को भी सर्वांगसुंदर व्यायाम, जूडो, लाठी चलाना, स्तूप निर्माण, योगासन प्राणाया, ध्यान साधना एवं हवन यज्ञ का अभ्यास कराया गया, जिससे प्रतिभागी बालिकाओं में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संतुलित रूप से हो रहा है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से सुनीता मल्हन ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर बहन पूनम आर्या, कविता कुंडू, प्रीति आर्या, सुषमा आर्या, मुकेश आर्या, एकता आर्या, अंजू आर्या, राजीव जैन, अजयपाल आर्या, जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।



रोहतक। राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण एवं योग शिविर में प्रतिभागी।



रोहतक। राष्ट्रीय कन्या चरित्र निर्माण एवं योग शिविर में मुख्य वक्ता बीपी स्किल डेवलपमेंट सेंटर की निदेशक समृद्धि जैन को स्मृति चिन्ह देते संयोजक बहन प्रवेश आर्या ,बहन पूनम आर्या व आर्य समाजी।

#### आज निकाली जाएगी जागरूकता यात्रा

शिविर संयोजक बहन प्रवेश आर्या ने बताया कि 11 जून को शाम 6 बजे शहर में शालीनतापूर्वक एक यात्रा निकाली जाएगी जो कन्या भ्रूण हत्या, नशाखरी, अश्लीलता आदि समाजिक बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता पैदा करेगी। यात्रा का नेतृव सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश करेंगे।



### तैमूर पुर गांव से आरम्भ किया पौधारोपण अभियान

कलानौर। कलानौर विधानसभा क्षेत्र के सुंडाना मंडल के गांव तैमूर पूर के स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण का शुभारंभ किया गया। अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को वृक्षारोपण की महत्ता और आवश्यकता पर बोलते हुए भाजपा जिला प्रभारी (सभी प्रकोष्ठ) डॉ अशोक कुमार रंगा ने कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने में वृक्ष एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा प्रकति के संतुलन का काम करता है। भाजपा के सुंडाना मंडल अध्यक्ष भूप सिंह गरनावठी ने उपस्थित विद्यार्थीयों से आग्रह किया कि वे रोपित किए गए पौधों को नित्य प्रति पानी दें तथा पौधों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी लें ताकि ये फलदार पौधे वृक्ष का रूप ले सकें। गांव के सरपंच प्रतिनिधि नरेश गिल ने उपस्थित ग्रामीणों से उनके नाम से एक एक पौधा स्कूल परिसर में लगवाया तथा उसके रखरखाव की जिम्मेदारी भी सम्बंधित ग्रामीण को सौंपी। इस अवसर पर काहनौर सरपंच प्रतिनिधि नवीन कुमार, माडौधी रांगडान सरपंच प्रतिनिधि बिजेंद्र सिंह, बल्लम सरपंच प्रतिनिधि सोमबीर, इशरे भट्टी, अनिल भट्टी, बहादुर भट्टी, सतीश गिल आदि रहे।

### रोहतक में जल्द मिलेगा नया कांग्रेस जिलाध्यक्ष



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते ऑब्जर्वर बी.वी श्रीनिवास व अन्य विधायक। फोटो : हरिभूमि

**रोहतक।** कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बनाने के लिए लगाए गए ऑब्जर्वर बी.वी श्रीनिवास ने कहा है कि 25 दिन में जिलाध्यक्ष की खोज पूरी हो जाएगी। कार्यकर्ताओं के साथ और विधायकों से बातचीत हो गई है। जो भी सक्रिय सदस्य होगा, संगठन को साथ लेकर मजबूत करने का काम करेगा, उसे जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जाएगा। वे मंगलवार को रोहतक में पहुंचे थे। बी.वी श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने व जिला और ब्लॉक स्तर पर कमेटी बनाने के लिए प्रक्रिया चल रही है। प्रदेश के हर जिले में ऑब्जर्वर कार्यकर्ताओं व विधायकों के साथ मीटिंग कर रहे हैं, ताकि जल्द से जल्द प्रदेश के हर जिले में संगठन बनाया जा सके। साथ ही नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने का काम किया जाएगा। बी.वी श्रीनिवास ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के अध्यक्ष बनने का 100वां साल मना रही है। इसी कड़ी में एआईसीसी (ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) बहलगाम में अधिवेशन हुआ था।

## नशे को रोकने के लिए गठित कमेटी की बैठक

- नालसा की ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन स्कीम के तहत गठित की गई है कमेटी
- नालसा के आदेशानुसार संवाद व आशा कमेटी भी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में नालसा की ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन स्कीम के तहत एक अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ड्रग अवेयरनेस एंड वैलनेस नेविगेशन इकाई के सदस्य शामिल रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने बताया कि नालसा के आदेशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा इस इकाई का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य नशे के प्रभाव को रोकना है तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि नालसा के आदेशानुसार संवाद व आशा कमेटी का भी गठन किया गया है, जो अलग-अलग तरह से अलग-अलग रूप से कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों की रिपोर्टिंग के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर 1933 पर सूचना दें। नशा पीड़ितों के परामर्श एवं पुनर्वास सहायता के लिए हेल्पलाइन सेवा 144461 तथा विधिक सहायता के लिए हेल्पलाइन सेवा 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की हेल्पलाइन सेवा 01262-257408 पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नालसा के आदेशानुसार संवाद इकाई का गठन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति के लोगों को सहायता प्रदान करना है। आशा इकाई का भी गठन किया गया है, जिसका मुख्य कार्य बाल विवाह पर रोक लगाना व ज्यादा से ज्यादा लोगों को बाल विवाह के बारे में जागरूक करना है। इसी कड़ी में गत 23 मई 2025 को साथी इकाई का भी एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

बैठक में नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक रवि खुंडिया व दिलीप सिंह, नगर निगम के डीएमसी जितेंद्र सिंह, उप सिविल सर्जन डॉ. दिनेश गर्ग सहित अन्य संबंधित सदस्य मौजूद रहे।



रोहतक। नालसा की ड्रग अवेयरनेस के लिए गठित की गई कमेटी की मीटिंग लेते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान।

## वेंकटेश्वर और वी केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल में शुरू करेंगे सुपर स्पेशलिटी ओपीडी: सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दिल्ली के द्वारका में स्थित मल्टीस्पेशिलिटी वेंकटेश्वर अस्पताल और वी केयर मल्टीस्पेशिलिटी अस्पताल द्वारा रोहतक में सुपर स्पेशलिटी ओपीडी का शुभारंभ किया जाएगा। यह सहयोग दिल्ली के प्रमुख विशेषज्ञों को सीधे रोहतक लाता है, जो रोहतक और पड़ोसी क्षेत्रों के रोगियों को परामर्श प्रदान करेंगे। इस साझेदारी के माध्यम से मरीज अब रोहतक में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ( कैंसर रोग विशेषज्ञ) , न्यूरोसर्जरी ( मस्तिष्क एवं रीढ़ सर्जन विशेषज्ञ ), नेफ्रोलॉजी और गुर्दा प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक विशेषज्ञ प्रत्येक माह के निर्धारित दिन पर रहेंगे, जिससे स्थानीय रोगियों को परामर्श प्राप्त करने और अपने उपचार की योजना करने में मदद मिलेगी। वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, रोहतक में डॉ. पी के सचदेवा, ब्रेन और स्पाइन सर्जन विशेषज्ञ - हर महीने के दूसरे गुरुवार को उपलब्ध रहेंगे - डॉ. सिद्धार्थ सहाय, मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ - हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार को उपलब्ध रहेंगे। डॉ. अमित कुमार, किडनी विशेषज्ञ हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार को उपलब्ध रहेंगे। डॉ. दीपिका चौहान, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ - हर महीने के दूसरे और चौथे सोमवार को उपलब्ध रहेंगे।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते डॉ. पी के सचदेवा व अन्य डॉक्टर।



रोहतक। विभिन्न ड्रेनों का स्थलीय निरीक्षण करते मंडल के आयुक्त पीसी मीणा।

### आयुक्त पीसी मीणा ने ड्रेनों का किया निरीक्षण

**रोहतक।** मंडल के आयुक्त पीसी मीणा ने जिले की सभी ड्रेनों की सफाई का कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिले की विभिन्न ड्रेनों का स्थलीय निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने आयुक्त को अवगत कराया कि अधिकांश ड्रेनों की आंतरिक सफाई पूरी हो चुकी है, और शेष कार्य 20 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पीसी मीणा ने सबसे पहले आईजी निवास के समीप स्थित रोहतक लिंक ड्रेन का निरीक्षण किया, जिसकी क्षमता 300 क्यूसेक है। यह ड्रेन रोहतक शहर के साथ-साथ गांव मायना, कण्हेली और शिमली के लोगों को जल निकासी में लाभ पहुंचाएगी। अधिकारियों ने बताया कि ड्रेन की आंतरिक सफाई पूर्ण हो चुकी है। इसके बाद आयुक्त ने मैकेनिकल कार्यशाला का निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पंप सेट कार्यशील होने चाहिएं। जहां स्थायी पंप सेट लगे हैं, वहां बिजली कनेक्शन सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। पाकस्मा लिंक ड्रेन का निरीक्षण किया, जिसकी क्षमता 80 क्यूसेक है। अधिकारियों ने बताया कि इसकी सफाई भी पूरी हो चुकी है और इससे गांव कसरेटी, पाकस्मा, बलियाना और भालोट को लाभ मिलेगा।

## डीएलसी सुपवा विवि के फैशन डिजाइन विभाग ने पहला स्थान हासिल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलसी सुपवा विश्वविद्यालय के डिजाइन संकाय के फैशन डिजाइन विभाग ने गत 8 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित फैशन शो ओपन इवेंट में पहला स्थान प्राप्त किया। यह कार्यक्रम डीएलसी सुपवा परिसर में यूफोरिया मीटएक्स द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रदर्शन किया। ग्रोइंग रूट् नामक विजेता संग्रह को प्रतिभाशाली छात्रों सिमरन और स्वाति द्वारा डॉ. शैली खन्ना (संकाय समन्वयक), दीपशिखा (सहायक प्रोफेसर) और शालू (सहायक प्रोफेसर) के मार्गदर्शन में तैयार किया गया था। डॉ. शैली ने इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अमित आर्य और रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा को उनके निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया। कचरे से चमत्कार तक थीम पर आधारित इस संग्रह में आठ अप-साइकिल किए गए परिधान शामिल थे, जो सचेत फैशन और परिपत्र डिजाइन पर जोर देते है। इस अभिनव संग्रह ने खादी स्क्रैप, डेनिम, साड़ियों और घरेलू वस्त्रों जैसी त्यागी गई सामग्रियों को फिर से तैयार किया, उन्हें अद्भुत परिधानों में बदल दिया जो विरासत को नवाचार के साथ जोड़ते हैं।




रोहतक। फैशन शो में भाग लेते प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### समर कैंप का समापन

रोहतक। राजकीय माध्यमिक विद्यालय जिला कारागार के प्रांगण में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मुखिया नीलम देवी द्वारा छात्र छात्राओ को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने व जीवन में सत्य पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया और छात्र छात्राओ को उपहार देकर सम्मानित किया। इस शुभ अवसर पर मुख्याध्यापिका पूनम व स्टाफ सदस्य निर्मला, भावना व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जोगिंदर व सदस्य राजेश, सीमा, चंद्रभान आदि उपस्थित रहे।



रोहतक। भारतीय भाषा समर कैंप के समापन पर मौजूद बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने की दी जानकारी

**रोहतक।** कृषि विज्ञान केंद्र रोहतक, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान नई दिल्ली के कृषि वैज्ञानिकों ने मंगलवार ककृषि संकल्प अभियान के तहत मंगलवार को कंसाला, आसन , पाकस्मा, माड़ौधी , मोखरा ,बसाना और घिलौड़ खुर्द गावों में किसानों को खेती की नवीनतम जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा . मीना सिवाच ने बताया की जिले में खरीफ के मौसम की फसलों में किसानों की समस्याएं और आवश्यकता अनुरूप वैज्ञानिक सलाह पहुचने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है । गांव गांव और विभिन्न भौगोलिक विशेषता वाले जिले में धान , बाजरा, कपास, ज्वार के उन्नत बीजों की उपलब्धता, किस्मों के प्रकार, बीज उपचार से फसल को विभीन्न रोगों और कीटों से प्रबंधन , खरपतवार नियंत्रण के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। मिटटी की जांच करवाकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त करना और उसके अनुसार खाद व उर्वरक का उपयोग करने की भी सलाह दी । प्राकृतिक खेती , जैविक खेती, ड्रोन तकनीक, बुआई से पहले की तैयारी, कृषक उत्पादक संगठन, सिंचाई के लिए टपका, स्प्रिंकलर के उपयोग के बारे में किसानों को अपडेट किया गया।

मार्केट न्यूज

### रोहतक में वेंकटेश्वर हॉस्पिटल दिल्ली व वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने की अपनी सुपर स्पेशलिटी ओपीडी की शुरूआत



**रोहतक।** वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल, रोहतक और वेंकटेश्वर अस्पताल दिल्ली ने मिलकर अपनी सुपरस्पेशियलिटी ओपीडी की शुरूआत की है। वी केयर मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. भूषण कथूरिया ने बताया कि दोनों हॉस्पीटल के सहयोग से रोहतक और आसपास के क्षेत्र के रोगियों को और बेहतर उपचार मिल पाएगा। इससे मरीज अब रोहतक में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, नेफ्रोलॉजी और गुर्दा प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षित विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक विशेषज्ञ प्रत्येक माह के निर्धारित दिन पर रोहतक में उपलब्ध रहेंगे, जिससे स्थानीय रोगियों को परामर्श प्राप्त करने और अपने उपचार की योजना करने में मदद मिलेगी। यह ओपीडी सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक रहेगी। इस ओपीडी में डॉ. पी के सचदेवा, ब्रेन और स्पाइन सर्जन विशेषज्ञ - हर महीने के दूसरे गुरुवार, डॉ. सिद्धार्थ सहाय, मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ - हर महीने के पहले और तीसरे शुक्रवार, डॉ. अमित कुमार, किडनी विशेषज्ञ - हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार, डॉ. दीपिका चौहान, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ - हर महीने के दूसरे और चौथे सोमवार को उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर दोनों अस्पताल के स्टाफ के अलावा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।


### शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया

# भारत के लिए शिक्षा जगत की सामाजिक भूमिका की पुनर्कल्पना करें : प्रो. आशीष

प्रो. आशीष दहिया ने 21वीं सदी में शिक्षा जगत की सामाजिक भूमिका की पुनर्कल्पना विषय पर सत्र को संबोधित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने 21वीं सदी में शिक्षा जगत की सामाजिक भूमिका की पुनर्कल्पना विषय परसत्र को संबोधित किया। यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो सप्ताह के /"अंतर्विषयी रिफ्रेशर कोर्स/" के हिस्से के रूप में इस सत्र का उद्देश्य ज्ञान और सामाजिक प्रभाव के बीच की दूरी को कम करना और भारत की विकासात्मक आवश्यकताओं के साथ शैक्षिक गतिविधियों को जोड़ना था, ताकि सामाजिक रूप से जिम्मेदार विद्वान और संस्थान तैयार हों। प्रो. दहिया ने भारत की जनसांख्यिकीय, तकनीकी और सांस्कृतिक चुनौतियों से निपटने में शिक्षा जगत की बदलती भूमिका पर बल दिया। प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय से लेकर स्वतंत्रता संग्राम और आईआईटी, आईआईएम जैसे संस्थानों तक, भारतीय शिक्षा जगत का योगदान ऐतिहासिक रहा है। फिर भी, आज शैक्षिक पहुंच में असमानता, अनुसंधान और वास्तविक समस्याओं का तालमेल न होना, उद्योग-शिक्षा सहयोग की कमी और जमीनी मुद्दों से दूरी जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं। प्रो. दहिया ने शिक्षा को कक्षा तक सीमित न रखकर सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताया। शिक्षकों को विद्यार्थियों को केवल निर्देश देने के बजाय उनकी रुचियों को समझकर रचनात्मक दिशा देने की सलाह दी। सत्र में सामाजिक रूप से प्रासंगिक अनुसंधान, जैसे गरीबी, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, स्वदेशी ज्ञान और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। एनजीओ, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय समुदायों के साथ सहयोग, व्यावसायिक प्रशिक्षण, नवाचार केंद्रों के माध्यम से उद्यमिता और डिजिटल साक्षरता को प्रोत्साहन पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सहानुभूति और ऊष्मायन का समावेश इसे डिग्री से अधिक, सामाजिक बदलाव का वाहक बनाता है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को संभावनाओं से परिपूर्ण सहयोगी मानने का आह्वान किया। सत्र का समापन सामाजिक रूप से जिम्मेदार शिक्षा के माध्यम से भारत का परिवर्तन/" के संदेश के साथ हुआ, जो सामुदायिक सहभागिता और सहयोगी समाधानों पर केंद्रित है।



रोहतक। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट के निदेशक प्रो. आशीष दहिया

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
BAMS 6
PRO 5
RMO 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**खबर संक्षेप**



### मनोयोग से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, आयुष विभाग जुटा

**महम।** 21 जून को अंतर राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस को सफल बनाने के लिए आयुष विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगातार फील्ड में काम कर रहे हैं। लाखन माजरा और महम ब्लॉक में योग शिक्षक लोगों को योग का अभ्यास करवा रहे हैं। योग प्रशिक्षक विकास ने बताया कि 14 जून को खेड़ी महम और गुगाहेड़ी में सुबह-शाम ग्रामीणों को योग का लाइव प्रोटोकॉल करवाया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल व योग कॉ ऑर्डिनेटर डॉक्टर सुमन सहरावत के नेतृत्व कैंप लगाए जा रहे हैं। महम खंड में डॉक्टर नवीन की अगुवाई में योग के कैंप लगवाए जा रहे हैं।

### डिजिटल प्रणाली ने शिक्षा पद्धति को बदला : प्रो. गिल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक एवं कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. नसीब सिंह ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में बतौर रिसोर्स पर्सन विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. नसीब सिंह गिल ने कहा कि डिजिटल क्रांति न केवल हमारे शिक्षण विधियों को बदल रही है, बल्कि यह छात्रों के सीखने के अनुभव को भी समृद्ध कर रही है। हमें इस बदलाव को अपनाना होगा ताकि हम भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। प्रो. गिल ने बताया कि कैसे डिजिटल युग ने शिक्षा के पारंपरिक ढांचे को चुनौती दी है और नई संभावनाओं को जन्म दिया है। उन्होंने ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग प्लेटफार्मों और डिजिटल संसाधनों के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी और इनके उपयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी पर भी चर्चा की।

# ड्रग की लत में पड़े युवाओं को सही राह पर लाने के लिए डीजीपी ने हर जिले में टीम बनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा को नशामुक्त बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने एक व्यापक अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत शहर और गांव में विशेष नशामुक्ति पुलिस टीम का गठन किया गया है। टीमों को प्रशिक्षित करने के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि अभियान के संचालन के लिए प्रत्येक जिले में नशा मुक्ति पुलिस टीम का गठन किया गया है। टीमों को अपने काम में निपुण बनाने के लिए एक दिन का ट्रेनिंग प्रोग्राम रखा गया। ट्रेनिंग प्रोग्राम में डीएसपी चरखी दादरी दिनेश यादव, एडीजीपी हिसार कार्यालय से एसआई सज्जन सिंह, पीजीआई के नशा मुक्ति केंद्र से डॉ. विनय, डॉ. पुरषोत्तम, रोहतक, भिवानी, चरखी दादरी व झज्जर जिला की टीमों ने भाग लिया है।

#### डोर-टू-डोर चलाया अभियान

*ट्रेनिंग प्रोग्राम में टीमों को गांव में सर्वे कर ड्रग की लत से प्रभावित युवाओं की पहचान कर पीड़ितों व उनके परिजनों की काउंसलिंग व मोटिवेट कर उन्हें उपचार के लिए तैयार कर उनका उपचार शुरू करवाना है। दोपहर बाद टीमों द्वारा गांव भैणी महाराजपुर में डोर-टू-डोर अभियान चलाया तथा गांव वालों के साथ बैठक का भी आयोजन किया गया। टीमों को इस काम में पारंगत करने के लिए साइकोलॉजिस्ट एवं साइकैटरिस्ट की भी सहायता ली गई। जिन्होंने सेमिनार में पहुंचकर ड्रग पीड़ित की नेचर व टीमें क्या व कैसे सहायता कर सकती है, बारे विस्तार से जानकारी दी।*

#### टीमों को निपुण बनाने के लिए ट्रेनिंग दी



#### नशा मुक्ति टीमों के सदस्यों से किया परिचय

*एडीजीपी ऑफिस हिसार से टीम रोहतक पहुंची तथा गठित नशामुक्ति टीमों के सदस्यों से परिचय किया, इस काम में उनकी रुचि बारे जानकारी ली गई। टीमों को इस अभियान के उद्देश्य, गांव अथवा वार्डों में सर्वे, नशा पीड़ितों की पहचान, काउंसलिंग व उनको उपचार के लिए प्रेरित करने बारे जरुरी जानकारी दी गई। टीमों को अपना रिकार्ड मैनेज करने बारे जानकारी दी गई। ड्रग मुक्त गांव का पैमाना क्या रहेगा बारे भी जानकारी साझा की।*



**रोहतक।** लोगों को नशा ना करने की जानकारी देते पुलिस अधिकारी।

#### ड्रग्स की मांग को खत्म करना लक्ष्य

*पीजीआई के डॉक्टर विनय व डॉक्टर पुरुषोत्तम ने नशा पीड़ितों के उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला। इस दौरान टीमों ने अपनी शंकाओं का समाधान किया। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने कहा कि राज्य को नशामुक्त बनाने के लिए पीड़ितों का उपचार करवाकर ड्रग्स की मांग को खत्म करना जरूरी है।*

### कई माह से चल रहा कस्बे में पानी को लेकर संकट

# खरावड़ में पानी को लेकर हंगामा ग्रामीणों ने जलघर पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

जिले में पानी का संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। शहर के साथ-साथ ग्रामीण एरिया में पीने के लिए एक बूंद पानी नहीं मिल रहा। इससे लोगों में काफी रोष देखने को मिल रहा है। कस्बे के गांव खरावड़ के लोगों ने मंगलवार को पानी की समस्या को लेकर जलघर पर ताला जड़ दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शनिवार तक समस्या का समाधान नहीं होने पर हाइवे जाम करने की चेतावनी दी है। माहौल तनावपूर्ण होने पर पुलिस बुलानी पड़ी। कर्मचारियों और ग्रामीणों ने एक दूसरे पर धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दी है।

जानकारी के मुताबिक सुबह भारी तादाद में ग्रामीण जलघर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों को बाहर निकाला और जलघर पर ताला जड़ दिया। जल घर पर ताला लगाने की पुलिस को पहले से सूचना थी। पुलिस भी ग्रामीणों के साथ जल घर पर पहुंच गई। महिलाओं ने कर्मचारियों को जल घर से बाहर निकलने का प्रयास किया तो उन्होंने इस बात का विरोध किया। दोनों के बीच धक्का-मुक्की तक हो गई। महिलाओं ने कर्मचारियों पर भी धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है। ग्रामीण महिलाओं व पुलिस के बीच बहस भी हुई। ग्रामीण ताला लगाकर वापस कर लौट गए और चेतावनी दी कि अगर शनिवार तक उनकी समस्या का समाधान नहीं किया तो वे नेशनल हाईवे नंबर 9 जाम करेंगे।




**सांपला।** जलघर को ताजा जड़ते ग्रामीण।



**सांपला।** जलघर के बाहर इकट्ठा हुए ग्रामीण।

#### यूनियन ने किया विरोध

पब्लिक हेल्थ विभाग की यूनियन द्वारा कर्मचारियों के साथ की गई हाथापाई को लेकर रोष प्रकट किया गया। उन्होंने आला अधिकारियों से कर्मचारियों के साथ मारपीट करने वालों ग्रामीणों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उन्होंने किसी के साथ दुर्व्यवहार नहीं किया। उन्हें पानी नहीं मिल रहा तो वह शांति से बातचीत करने के लिए आए थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### विभाग ने मांगी थी जमीन

एसडीओ अनिल कुमार का कहना कि गांव में ट्यूबवेल से पानी की सप्लाई दी जा रही है। पंचायत से जमीन मांगी हुई है। ताकि और तालाब बनाए जा सकें। उधर सरपंच के पुत्र दीपक कुमार का कहना है कि प्रशासन से कई बार जमीन देने की बात कही है। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा।

## गंदगी और अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का सख्त अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था और अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। निगम की टीमें प्रतिदिन फील्ड में निरीक्षण कर रही हैं और गंदगी फैलाने वालों के चालान किए जा रहे हैं। आयुक्त आनंद शर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निगम गंभीरता से कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि हुडा काम्प्लैक्स और पुरानी आईटीआई ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक, नगर निगम और कनिष्ठ अभियंता, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए गए कि संयुक्त रूप से विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही, कच्चा चमारियां रोड, गांव बोहर, राहड़ रोड और शिवाजी कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में नालों की सफाई करवाई गई। आयुक्त डॉ. शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई के बाद निकली गंदगी को तुरंत हटवाया जाए, ताकि जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



**रोहतक।** पुरानी आईटीआई ग्राउंड का निरीक्षण करते आयुक्त आनंद शर्मा।

#### अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई

नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम द्वारा भी मंगलवार को अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। टीम ने अशोका चौक, झज्जर रोड, शिवाजी कॉलोनी, शांतमई चौक और छोटूराम चौक से अवैध रूप से लगाए गए बोर्ड और सामान जब्त किया। आयुक्त ने टीमों को मुख्य मार्गों का नियमित निरीक्षण करने और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल की ट्रेनिंग का समापन



**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज में 9 जून को कॉलेज आफ नर्सिंग में इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल की ट्रेनिंग का समापन किया गया। इसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता ने बताया कि यह ट्रेनिंग अप्रैल और मई महीने में 40 घंटे की डॉ नेहा व डॉ कमल शर्मा द्वारा दी गई। उन्होंने बताया कि यह ट्रेनिंग बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष कि छात्राओं को दी गई। इसके समापन के दिन मुख्य अतिथि के तौर पर डॉक्टर नेहा चौधरी उपस्थित रही। प्रोफेसर सुनीता ने बताया कि इसमें तीन स्पीच बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सिंदूर आपरेशन व नारीशक्ति के बारे में बताया गया और तीन पावर पॉइंट्स प्रस्तुतीकरण भी हुई।

## 15 जून को पंचायत उप-चुनाव के दृष्टिगत अटायल व बनियानी के मतदान केंद्रों पर निषेधाज्ञा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने 15 जून को पंचायत उप चुनाव के तहत बनियानी व अटायल गांवों में स्थापित किए गए मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने तथा हथियार इत्यादि लेकर चलने पर पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए है। अटायल व बनियानी गांवों के मतदान केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में विस्फोटक, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जैली, चाकू व अन्य हथियार लेकर चलने पर भी पाबंदी रहेगी। इन आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए गए है। जिलाधीश धर्मेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेश के तहत अटायल गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में स्थापित किए गए मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सांपला के नायब तहसीलदार जितेंद्र को डयूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है। बनियानी गांव स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित किए गए मतदान केंद्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलानौर के नायब तहसीलदार दीपक को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## कुलपति ने किया परीक्षा केंद्र का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सम सेमेस्टर की परीक्षाओं और सभी फैकल्टीज़ में जारी जूरी के अंतिम दिन डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने मंगलवार को प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर फैकल्टी स्थित परीक्षा केंद्र का दौरा किया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. अजय कौशिक, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक और आर्किटेक्चर फैकल्टी के प्रमुख अजय बहु जोशी सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ मौजूद रहे। कुलपति डॉ. आर्य ने कहा कि छात्रों का एकमात्र फोकस आत्मविकास और सीखने पर होना चाहिए। यहां जो कुछ भी वे सीखते हैं, उसका प्रभाव उनके जीवन भर पर पड़ता है। हमारी प्राथमिकता स्पष्ट है, छात्रों को जीवन भर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाना और उनकी योग्यता का उचित मूल्यांकन करना।



**रोहतक।** परीक्षा केंद्र का दौरा करते डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य।

## दुकानदार पर हमला कर रुपये छीनने के मामले में दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने दुकानदार पर जानलेवा हमला कर रुपये छीनने की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। शहर थाना प्रभारी राजकुमार ने बताया कि 7 जून को गोपाल कॉलोनी निवासी पुनीत की शिकायत के आधार पर थाना शहर में केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि पुनीत ने कबाड़ी मार्केट में स्टील की दुकान कर रखी है। दोपहर करीब 2:20 बजे मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक मुंह पर कपड़ा बांधकर हथियारों सहित दुकान पर आए। एक युवक देसी कट्टा व एक अपने हाथ में चाकू-छुरी लिए हुए था। युवक ने पुनीत के उपर देसी कट्टा तान दिया व दूसरा युवक दुकान के गल्ले से पैसे निकालने लगा। पुनीत ने युवक के साथ हाथापाई की व देसी कट्टे से गोली निकल कर नीचे गिर गई। दूसरे युवक ने छुरी से पुनीत पर हमला कर दिया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### आपातकाल स्मृति को लेकर सेनानियों के साथ बैठक

# लोकतंत्र सेनानियों के त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता : प्रो. रामबिलास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने आपातकाल स्मृति के लेकर प्रदेश कार्यालय मंगल कमल पर उपस्थित लोकतंत्र सेनानियों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व हरियाणा इकाई के संरक्षक गोविंद भारद्वाज ने की और बैठक लोकतंत्र सेनानी संघ का गठन भी किया गया। इसमें रिवाड़ी के सुनील ग्रोवर को बनाया लोकतंत्र सेनानी संघ प्रदेश अध्यक्ष, गुलशन भाटिया व ललित बत्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा रामअवतार सिंगल लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश महामंत्रीऔर सुशील जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया है

बैठक के बाद प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रो. रामबिलास शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना सहरानीय कदम है।

प्रो. रामबिलास शर्मा ने प्रदेश कार्यालय में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस से पहले बैठक में आए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) को सम्बोधित किया। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय डॉ. मंगल सेन सहित अनेक लोकतंत्र सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें याद किया जिला अध्यक्ष ने सभी लोकतंत्र सेनानियों का स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय सचिव गुलशन भाटिया ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। इस मौके पर गुलशन भाटिया, भाजपा नेता ललित बत्रा, पूर्व चैयरमैन गोविंद भारद्वाज जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर खरक सहित संघ के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा।

#### सेनानियों को अपने घर भोजन करवाएं सीएम

प्रो रामविलास शर्मा ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) ने काफी कष्ट उठाया, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए, जहां उनके साथ बर्बरता की गई, उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया था। जिन परिवारों में कमाने वाले जेल गए ऐसे कई परिवार बरबाद हो गए। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आग्रह किया कि सभी लोकतंत्र सेनानियों को अपने निवास पर बुलाकर उनको भोजन करवाएं।

## गांव इंद्रगढ़ में बनेगा शहीद स्मारक 101 फिट ऊंचा तिरंगा फहराएंगे



**महम।** ग्रामीणों को सम्मान पत्र देते शहीद स्मारक निर्माण कार्य से जुड़े नौजवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

लाखन माजरा खंड के इंद्रगढ़ गांव के सरकारी स्कूल में शहीद स्मारक बनाया जाएगा। इस स्मारक में 101 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया जाएगा। कई युवाओं की टीम घर घर जाकर ग्रामीणों से एक ईंट और पांच रुपए का दान एकत्रित करने के कार्य में जुटी हुई है। ग्रामीण युवा उत्थान मंच अध्यक्ष हरिओम कौशिक ने बताया कि गांव इंद्रगढ़ के समस्त ग्रामीण के सहयोग से व आसपास के क्षेत्र के तमाम सामाजिक राष्ट्रभक्ति युवा साथियों के सहयोग से गांव इंद्रगढ़ में एक भव्य शहीद स्मारक स्थल बनाया जाएगा।। कार्यक्रम का संयोजक स्कूल लेक्चर संघ हरियाणा के सचिव सुरेंद्र परमार को नियुक्त किया गया है। आसपास के प्रत्येक गांव से हर घर से एक घर से एक ईट और 5 रुपए दान लेकर इस भव्य स्मारक को तैयार किया जाएगा। इसमें सरस्वती माता, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद व ठाकुर रोशन सिंह की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। इसके साथ-साथ भव्य स्मारक स्थल के सामने 101 फुट का राष्ट्रीय ध्वज भी बनाया जाएगा। हरियाणा प्रदेश की तमाम सामाजिक संस्थाएं धार्मिक संस्थाओं से जुड़े युवाओं को इस कार्यक्रम में बढ़चढकर हिस्सा लेने के लिए नियंत्रण दिया जाएगा। एक ईट और 5 रुपए दान लेने के पीछे एक मकसद है। इससे समाज में एक संदेश जाएगा। समाज को एकत्रित करके समाज किसी भी कार्य को ओर सफल ओर भव्य बना सकता है। इंद्रगढ़ के सभी नौजवान इसमें बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।